नया इंडिया

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसे 66 भारतीय

*दुबई, भाषा। संयुक्त अरब अमीरात सरकार के आव्रजन नियमों का पालन नहीं कर पाने वाले 66 भारतीय यात्री दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गये हैं। दुबई में भारत के महावाणिज्य दूतावास में वाणिज्य दूत (प्रेस, सूचना और संस्कृति) नीरज अग्रवाल ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। अग्रवाल ने खलीज टाइम्स को बताया, ''दिल्ली से गोएयर की एक उड़ान से पहुंचे करीब 59 यात्री 48 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं।'' वाणिज्य दूत ने कहा कि यात्रियों को भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गयी है।*

# परदेश/कूटनीति

## अंतिम पेज का शेष...

### हिंदू चाहना कि आठ शक्ति....

अपना भार बहुत बढ़ा सकने योग्य गरिमा सिद्धि सिद्धि के बल पर हनुमान ने अपनी पूंछ का भार इतना बढ़ा लिया था कि भीम जैसे महाशक्तिशाली योद्धा भी उसे हिला नहीं सके। लंका युद्ध में भी ऐसे कई प्रसंग हैं जब कई राक्षस मिल कर भी हनुमान को डिगा नहीं सके। अपने शरीर का भार अत्यंत हल्का कर सकने की शक्ति लघिमा सिद्धि के बल पर हनुमान रोयें अर्थात रूई के फाहे के समान हलके हो जाते थे और पवन वेग से उड़ सकते थे। माता सीता को ढूँढने के लिए जब हनुमान अशोक वाटिका पहुँचे तो जिस वृक्ष के नीचे माता सीता थी उसी वृक्ष के एक पत्ते पर हनुमान इस सिद्धि के बल पर बैठ गए। मान्यता है कि हनुमान की इसी सिद्धि के कारण उनके द्वारा श्रीराम लिखने पर पत्थर इतने हलके हो गए कि समुद्र पर तैरने लगे और फिर उसी सेतु से वानर सेना ने समुद्र को पार किया। किसी भी वस्तु को शीघ्र प्राप्त कर सकने और पशु- पक्षियों की बात समझ सकने की शक्ति प्राप्ति सिद्धि प्राप्त हनुमान की प्राप्ति शक्ति के बारे में विस्तृत वर्णन करते हुए कहा गया है कि इसी सिद्धि के बल पर हनुमान ने माता सीता की खोज की थी। उस समय उन्होंने माता सीता की थाह लेने के लिए कई पशु-पक्षियों से बात भी की थी। प्राक्राम्य (पराक्रम्य) सिद्धि प्राप्त होने के कारण ही हनुमान चिरंजीवी अर्थात अजर- अमर माने गये हैं और सप्त अथवा अष्ट चिरंजीवियों में शामिल किये गये हैं। उनके विषय में मान्यता है कि वे आज भी जीवित हैं। प्राकाम्य सिद्धि की सहायता से मनुष्य की कोई भी इच्छित वस्तु चिरकाल तक स्थायी रहती है। इस सिद्धि के बल पर वे स्वर्ग से पाताल तक कहीं भी जा सकते हैं और थल, नभ एवं जल में इच्छानुसार जीवित रह सकते हैं।


> माता दुर्गा अष्ट सिद्धियों और नव निधियों की प्रदाता कही गई हैं। श्रीराम भक्त महावीर हनुमान को भी आठ प्रकार की सिद्धि और नौ प्रकार की निधियों को प्रदान करने वाला माना गया है। रामायण में घोर साधना अथवा तपस्या से प्राप्त होने वाली अलौकिक शक्तियों की सिद्धि से हनुमान अत्यंत शक्तिशाली और महत्वपूर्ण अष्ट सिद्धियों से अजेय सिद्ध हुए हैं। हनुमान ने अपनी ज्ञान, बुद्धि और विद्या के बल पर अष्ट सिद्धियों व नौ निधियों को प्राप्त कर अत्यंत शक्तिशाली होकर अजेय व देवत्व स्थिति को प्राप्त कर लिया था।

भगवान श्रीराम की भक्ति भी हनुमान को चिरकाल तक इसी सिद्धि के बल पर प्राप्त है। इसी प्रकार अद्वितीय नेतृत्व क्षमता प्राप्त कर देवतातुल्य हो जाने अर्थात देवत्व पद प्राप्त हो जाने की शक्ति ईशित्व सिद्धि प्राप्त होने कारण ही महाबली हनुमान को आज भी एक देवता की भांति पूजा जाता है और इसी सिद्धि के कारण उन्हें अनेक दैवीय शक्तियाँ प्राप्त हैं। हनुमान की नेतृत्व क्षमता के बारे में अनेक प्रसंग रामायण में अंकित हैं। इसी नेतृत्व क्षमता के बल पर हनुमान ने सुग्रीव की रक्षा की, श्रीराम से उनकी मित्रता करवाई और लंका युद्ध में पूरी वानरसेना का मार्गदर्शन किया। अपनी इन्द्रियों को अपने वश में करने के साथ ही किसी भी मनुष्य को अपने वश में करने की वशित्व सिद्धि के कारण जितेन्द्रिय कहे जाने वाले पवनपुत्र हनुमान ब्रह्मचारी होकर अपने मन की सभी इच्छाओं को अपने वश में रखते हैं। इसी सिद्धि के कारण हनुमान किसी को भी अपने वश में कर सकते थे और उनसे अपनी बात मनवा सकते थे। रामायण में उल्लिखित हनुमान से सम्बन्धित इन प्रसंगों के आधार पर उन्हें अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों के भण्डार और उनका प्रदाता मानना हनुमान भक्तों के लिए उचित ही जान पड़ता है ।

## विश्व में कोरोना संक्रमितों की संख्या चार करोड़ के पार

**वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो/नयी दिल्ली ■ वार्ता**

विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित लोगों की संख्या चार करोड़ के पार पहुंच गई हैं और इस महामारी से मरने वालों संख्या बढ़कर 11.17 लाख से अधिक हो गई है।



अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 4.03 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 11.17 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

इस वैश्विक महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में संक्रमण से अब तक 2.20 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 82.10 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 46,790 नये मामले दर्ज किये गये हैं और संक्रमितों की कुल संख्या अब 75.97 लाख हो गयी है।

ब्राजील में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 52.50 लाख से अधिक हो गयी है जबकि करीब 1.54 लाख से अधिक लोगों मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 14.06 लाख से अधिक हो गई है और 24,205 लोगों ने जान गंवाई है। वहीं अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 10.02 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 26,716 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन में इस प्राण घातक वायरस की चपेट में अब तक 9.74 लाख से ज्यादा लोग आए हैं तथा 33,992 लोगों ने जान गंवाई है।

कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 9.65 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 29,102 लोगों ने जान गंवाई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 9.52 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 33,647 लोगों की मृत्यु हुई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यहां इस वायरस से अब तक 8.68 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 33,759 लोगों की मौत हो चुकी है।

मेक्सिको में कोरोना से अब तक 8.54 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 86,338 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 7.44 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 43,816 लोगों की मौत हुई है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में 7.05 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 18,492 लोगों की मृत्यु हुई है। ईरान में इस महामारी से 5.34 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 30,712 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली में कोरोना से 4.93 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 13,676 लोगों की मौत हुई है।

## ट्रंप नियमों में 'अनुचित' बदलाव के बाद भी बाइडेन के साथ बहस के लिए तैयार

**वाशिंगटन ■ भाषा**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी सप्ताह अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के साथ बहस में शामिल होने की पुष्टि की है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस के लिए नियमों में किए गए 'अनुचित' बदलावों को लेकर आपत्ति जतायी।

बाइडेन डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (74) और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन (77) के बीच अंतिम बहस 22 अक्टूबर को टेनेसी के नैशविले में बेलमोंट विश्वविद्यालय में होने वाली है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों के बीच अंतिम बहस से पहले बहस संचालित करने वाले आयोग (सीपीडी) ने नए नियमों की घोषणा की है। इनके तहत प्रतिद्वंद्वी वक्ताओं के माइक्रोफोन दो मिनट के लिए बंद कर दिए जाएंगे ताकि अपना पक्ष रखने जा रहा उम्मीदवार अपनी बात की शुरुआत निर्बाध तरीके से कर सके। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' में सोमवार को संवाददाताओं से कहा, ₹मैं भाग लूंगा, मुझे लगता है कि यह काफी अनुचित है।'

उन्होंने कहा, ''मैं भाग लूंगा, लेकिन यह काफी अनुचित है कि उन्होंने विषयों को बदल दिया और यह भी बहुत अनुचित है कि फिर से हमारे सामने पूरी तरह से पक्षपाती 'एंकर' होंगे।' ट्रंप बहस के नियमों में बदलाव के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## इस साल के अंत तक 52 करोड़ सीरिंज का भंडारण करेगा यूनीसेफ

**नई दिल्ली/न्यूयॉर्क ■ वार्ता**



कोरोना वायरस (कोविड-19) की वैक्सीन के तैयार होते ही दुनियाभर में शुरू होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से यूनीसेफ ने अपने गोदामों में 52 करोड़ सीरिंज का भंडारण करने की घोषणा की है।

दुनियाभर में कहर बरपाने वाले कोविड-19 के संक्रमण से मुक्ति पाने के लिए इसकी वैक्सीन तैयार करने की कोशिशें जोर-शोर से हो रही हैं और साथ ही इसके तैयार होने पर लोगों तक इसकी जल्द पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी योजनायें तैयार की गयी हैं। वैक्सीन की पहुंच आम लोगों तक सुनिश्चित करने के लिए कई चीजों की आवश्यकता होती है और इंजेक्शन देने के लिए पहली आवश्यकता तो सीरिंज की ही होती है। यूनीसेफ का कहना है कि टीकाकरण कार्यक्रमों में सीरिंज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ही उसने 52 करोड़ सीरिंज का भंडार करने की योजना बनायी है। यूनीसेफ ने बताया कि वर्ष 2021 तक उसकी योजना एक अरब सीरिंज का भंडारण करने की है। उसने कहा कि जैसे ही कोरोना वैक्सीन का परीक्षण समाप्त होता है और उन्हें इस्तेमाल करने की अनुमति मिल जाती है, तो पूरी दुनिया को वैक्सीन की तरह सीरिंज की भी उतनी ही जरूरत होगी। यूनीसेफ सीरिंज की शुरुआती आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा और यह देखेगा कि कोरोना वैक्सीन के आने से पहले देशों को सीरिंज मिल जाये।

## सिंगापुर में करंट लगने से भारतीय की मौत

**सिंगापुर, भाषा।** सिंगापुर में बिजली वितरण बोर्ड को नष्ट करने के दौरान 27 वर्षीय एक भारतीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। चैनल न्यूज एशिया ने श्रमशक्ति मंत्रालय को उद्धृत करते हुए एक ट्वीट में सोमवार रात में कहा, ''27 वर्षीय भारतीय नागरिक बिजली वितरण बोर्ड को नष्ट कर रहा था, तभी उसे बिजली का झटका लगा। श्रमिक को चांगी जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।'' पुलिस ने चैनल को बताया कि उसके पास 15 अक्टूबर को अपराह्न एक बजकर 18 मिनट पर सहायता की मांग को लेकर एक कॉल आया था। यह फोन कॉल स्टिल रोड पर एक स्थान से आया था।

## नवाज की बेटी मरियम पर सरकार विरोधी रैली के लिए मामला दर्ज

**लाहौर ■ भाषा**



पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज और उनकी पार्टी के 2,000 से अधिक कार्यकर्ताओं पर लाहौर में सरकार विरोधी रैली आयोजित करने के लिए मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। मरियम नवाज ने रैली में प्रधानमंत्री इमरान खान को 'कायर और कठपुतली' करार दिया था तथा फौज के पीछे छिप जाने वाला बताया था।


पाकिस्तान में 11 विपक्षी दलों के गठबंधन 'पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट' (पीडीएम) ने 16 अक्टूबर को यहां रैली आयोजित की थी। इसके बाद गुजरांवाला में जनसभा हुई थी। मरियम ने रैली में प्रधानमंत्री खान को खुलेआम 'कायर और कठपुतली' करार दिया था। उन्होंने कहा था कि इमरान खान 'अपनी नालायकी को छिपाने के लिए फौज के पीछे जाकर छिप जाते हैं'।

मरियम ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी थी कि उन्हें गिरफ्तार कराके दिखाएं और वह जेल जाने से नहीं डरतीं। सरकार और सरकारी संस्थाओं के खिलाफ नारेबाजी करके नागरिकों के लिए परेशानियां खड़ी करने, सड़कें अवरुद्ध करने, लाउडस्पीकर और माइक का इस्तेमाल करने तथा कोरोना वायरस संबंधी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के मामले में मरियम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मरियम के पति कैप्टन (सेवानिवृत्त) मोहम्मद सफदर का नाम भी एफआईआर में है। उन्हें पहले कथित रूप से कायद-ए-आजम की कब्र की पवित्रता की अवहेलना करने के मामले में कराची में गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। प्राथमिकी के अनुसार मरियम पर खान की सरकार की घर वापसी कराने के लिए तैयार रहने को कहकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उकसाने के आरोप हैं। इससे पहले लाहौर पुलिस ने शरीफ और अन्य लोगों के खिलाफ सेना तथा न्यायपालिका के विरुद्ध बोलने के मामले में देशद्रोह का मामला दर्ज किया था।

# आर्थिकी/कंपनियां

## सेंसेक्स 113 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 24 अंक बढ़ा

**मुंबई ■ भाषा**



वैश्विक बाजारों में तेजी के संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 113 अंक चढ़कर 40,500 अंक से ऊपर निकल गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 24 अंक बढ़कर 11,900 अंक के करीब पहुंच गया।

बाजार में एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टैक्नालॉजी और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जिससे इनके शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 कंपनी शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 112.77 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 40,544.37 अंक पर ऊंचा बंद हुआ वहीं एनएसई का निफ्टी सूचकांक 23.75 अंक यानी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 11,896.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक 4.19 प्रतिशत बढ़त के साथ सर्वाधिक तेजी वाला शेयर रहा। इसके बाद टेक महिन्द्रा, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एण्ड टुब्रो, टीसीएस, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, नेस्ले इंडिया और इन्फोसिस में भी बढ़त दर्ज की गई। इसके विपरीत ओएनजीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी और स्टेट बैंक के शेयरों में 2.67 प्रतिशत तक की गिरावट रही। हिन्दुस्तान यूनीलीवर का शेयर 0.31 प्रतिशत घटकर बंद हुआ। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 8.58 प्रतिशत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। उसका मुनाफा 1,974 करोड़ रुपये रहा है।

शेयर कारोबारियों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक रूप से एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टीसीएस जैसे सूचकांक में अधिक वजन रखने वाले शेयरों की खरीदारी का जोर रहा। रिलायंस सिक्युरिटीज के संस्थागत व्यवसाय के प्रमुख अर्जुन महाजन न कहा, ''हमारा मानना है कि निवेशक प्रधानमंत्री के आज के संबोधन को पूरे ध्यान से सुनेंगे।

## सैफ पार्टनर्स का नाम हुआ एलिवेशन कैपिटल

**नई दिल्ली, भाषा।** उद्यम पूंजी लगाने का कारोबरी ने वाली कंपनी सैफ पार्टनर्स ने अपना नाम एलिवेशन कैपिटल कर लिया है। कंपनी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि उसने 40 करोड़ डॉलर (करीब 2,934 करोड़ रुपये) के एक नए कोष के लिए पूंजी का प्रबंध कर लिया है। एलिवेशन कैपिटल की स्थापना 2002 में हुई थी, और वह फर्स्टक्राई, जस्टडायल, मेकमाइट्रिप, मीशो, नोब्रोकर, पेटीएम, शेयरचैट, स्विगी, अनएकेडमी और अर्बन कंपनी जैसी कंपनियों में शुरुआती निवेशक रही है। वह दो अरब डॉलर से अधिक की परिसंपत्ति का प्रबंधन करती है। कंपनी ने एक बयान में कह[ा] कि उसने 40 करोड़ डॉल[र] के अपने सा त वें शुरुआती स्त[र] के कोष के लिए धन की व्यवस्था क[र] ली है।

## जिंदल स्टेनलैस की नवीनीकृत वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली, भाषा।** देश की प्रमुख स्टेनलैस स्टील विनिर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलैस ने मंगलवार को अपनी कॉरपोरेट वेबसाइट का नवीन स्वरूप शुरू किया। कोविड-19 के दौर में अधिकतर कारोबारों के ऑनलाइन होने की स्थिति में इसे ग्राहकों के पूछताछ करने के लिए सुगम और सरल बनाया गया है।

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राज०)**

क्रमांकः न०पा०गु० / 2020–21 / 1384–87 दिनांकः 16.10.2020

**–: संशोधित निविदा सूचना 02/2020–21 :–**

इस कार्यालय के पत्रांक न.पा.गु / विकास / 2020–21 / 1315–1323 दिनांक 24.09.2020 के द्वारा निर्माण कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिन्हें अपरिहार्य कारणों से 22.10.2020 तक विक्रय / डाउनलोड की जाकर दिनांक 23.10.2020 को प्रातः 11.00 से दोपहर 2.00 बजे तक निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क भौतिक रूप में जमा की दिनांक 27.10.2020 को खोली जायेगी। शेष शर्तें यथावत रहेगी। **प्रशासक एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका गुलाबपुरा**

राज.संवाद / सी / 5832 / 2020–21

**रबी का रकबा बढ़ाः एनबीएचसी**

## मनसून की अधिक बरसात से खरीफ फसलों पर असर

**मुंबई ■ भाषा**



मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा के कारण, किसानों ने अब तक रिकॉर्ड 1,095.37 लाख हेक्टेयर रकबे में रबी की बुवाई की है, लेकिन राष्ट्रीय थोक हैंडलिंग निगम के वर्ष 2020-21 के लिए पहले खरीफ फसल अनुमान के अनुसार अति वृष्टि से चावल और मक्का जैसे अनाज का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। एनबीएचसी ने एक बयान में कहा कि कुल 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस साल सामान्य बारिश हुई है, जबकि नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। मानसून के बाद के चरण में, महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों में चक्रवात से मध्यम से भारी वर्षा हुई है। एनबीएचसी ने कहा कि कृषि आयुक्त द्वारा प्रारंभिक रिपोर्टों में यह उल्लेख किया गया कि बारिश के कारण 4.5 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन, मक्का, गन्ना और अरहर की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। एनबीएचसी के अनुसंधान एवं विकास विभाग के प्रमुख हनीस कुमार सिन्हा ने कहा "धान के रकबे में 6.74 प्रतिशत का सुधार होने के बावजूद उत्पादन पिछले साल की तुलना में 2.20 प्रतिशत कम होने की संभावना है। मक्के का रकबा 2.31 प्रतिशत अधिक रहा पर हम 5.71 प्रतिशत कम फसल होने की उम्मीद कर रहे हैं क्योंकि मध्य प्रदेश और कर्नाटक में खड़ी फसल की पैदावार पर भारी बारिश का असर देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ज्वार के रकबे में 1.17 प्रतिशत की कमी के बावजूद ज्वार का उत्पादन 1.22 प्रतिशत बढ़ सकता है। बाजरा खेती के रकबे में 3.71 प्रतिशत की वृद्धि रही होने की उम्मीद है, लेकिन उत्पादन में 14.40 प्रतिशत की गिरावट आने का आसार है। एनबीएचसी ने कहा कि दलहन क्षेत्र में अरहर खेती के रकबे और उत्पादन में क्रमशः 9.78 प्रतिशत और 5.48 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। जिसका मुख्य कारण महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना और झारखंड जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में अभी तक फसलों की अच्छी स्थिति का होना है। सिन्हा ने कहा कि उड़द खेती के रकबे में 1.47 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि उत्पादन 45.38 प्रतिशत बढ़ सकता है, क्योंकि कुछ स्थानों पर अगर फसलों को नुकसान हुआ है, तो वैकल्पिक रूप से बुवाई क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है। सिन्हा ने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि मूंग खेती के रकबे में 19.70 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जबकि प्रमुख उत्पादक राज्यों में फसल की क्षति के कारण उत्पादन 3.91 प्रतिशत कम होने की संभावना है।

## ईपीएफओ से अगस्त में शुद्ध रूप से 10.05 लाख नये अंशधारक जुड़े

**नई दिल्ली, भाषा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से अगस्त में शुद्ध रूप से 10.05 लाख अंशधारक जुड़े। वहीं जुलाई में यह संख्या 7.48 लाख थी। ईपीएफओ के ताजा पेरोल यानी तय वेतनमान पर रखे जाने वाले कर्मचारियों के आंकड़े से यह पता चलता है। यह आंकड़ा कोरोना वायरस महामारी के बीच संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में जानकारी देता है।

ईपीएफओ के पिछले महीने जारी अस्थायी पेरोल आंकड़े में इस साल जुलाई में शुद्ध रूप से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या 8.45 लाख बतायी गयी थी। इस आंकड़े को अब संशोधित कर 7.48 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से शुद्ध रूप से फरवरी 2020 में जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या 10.21 लाख थी जो मार्च में घटकर 5.72 लाख रही। मंगलवर को जारी ताजा आंकड़े के अनुसार अप्रैल में शुद्ध रूप से अंशधारकों की संख्या 1,04,608 घटी जबकि सितंबर में जारी आंकड़े में यह संख्या 61,807 थी। इससे पहले, जुलाई में जारी अस्थायी आंकड़े के अनुसार शुद्ध रूप से अप्रैल महीने में एक लाख लोगों के ईपीएफओ से जुड़ने की बात कही गयी थी, जिस अगस्त में संशोधित कर 20,164 कर दिया गया। वहीं सितंबर में जारी आंकड़े के अनुसार इसमें 61,807 की कमी होने की बात कही गयी। मई के आंकड़े को भी संशोधित किया गया है। इसके अनुसार ईपीएफओ के अंशधारकों की संख्या शुद्ध रूप से 35,336 कम हुई जबकि इससे पिछले महीने के आंकड़े में इसमें 40,551 नये अंशधारकों के जुड़ने की बात कही गयी थी। शुद्ध रूप से ईपीएफओ के पास हर महीने औसतन करीब 7 लाख नये पंजीकरण होते हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान नये अंशधारकों की कुल संख्या बढ़कर 78.58 लाख रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 61.12 लाख थी। ईपीएफओ अप्रैल, 2018 से नये अंशधारकों के आंकड़े जारी कर रहा है। इसमें सितंबर 2017 से आंकड़ों को लिया गया है। 'पेरोल' आधारित इन आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2017 से अगस्त 2020 के दौरान शुद्ध रूप से 1.75 करोड़ नये अंशधारक ईपीएफओ से जुड़े।

**टायटन बायोटेक लिमिटेड**

**CIN L74999RJ1992PLC013387**

पंजी. कार्यालयः ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-111, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोनः **011-71239900** | ई-मेलः **hrd@titanbiotechltd.com** | वेबसाईटः **www.titanbiotechltd.com**

**30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

| क्र सं | विवरण | कंसोलिडेटेड | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वार्षिक |
| | | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अकेक्षित |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 3,282.18 | 3,965.22 | 1,855.71 | 7,247.40 | 4,076.24 | 7,988.75 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं से पहले) | 1,014.16 | 1,758.40 | 165.07 | 2,772.56 | 524.90 | 979.01 |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 1,014.16 | 1,767.40 | 200.47 | 2,781.56 | 560.30 | 1,040.42 |
| 4 | टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 758.11 | 1,322.13 | 147.50 | 2,080.24 | 407.23 | 783.74 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें) | 758.11 | 1,322.13 | 147.50 | 2,080.24 | 407.23 | 778.72 |
| 6 | पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर) | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 |
| 7 | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन भंडार को छोड़कर अन्य इक्विटी | | - | - | - | - | 3,092.96 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) | | | | | | |
| | (ए) बेसिक | 8.72 | 15.42 | 1.72 | 24.14 | 4.09 | 8.55 |
| | (बी) डायल्यूटिड | 8.72 | 15.42 | 1.72 | 24.14 | 4.09 | 8.55 |

**31 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

| क्र सं | विवरण | स्टैन्डलोन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वार्षिक |
| | | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अकेक्षित |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 2,728.92 | 3,511.02 | 1,589.38 | 6,239.94 | 3,344.76 | 6,988.58 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं से पहले) | 908.95 | 1,620.43 | 150.18 | 2,529.38 | 320.51 | 762.84 |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 908.95 | 1,629.44 | 185.58 | 2,538.39 | 355.91 | 824.25 |
| 4 | टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 678.92 | 1,219.35 | 133.97 | 1,898.27 | 256.91 | 620.14 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें) | 678.92 | 1,219.35 | 133.97 | 1,898.27 | 256.91 | 615.43 |
| 6 | पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर) | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 |
| 7 | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन भंडार को छोड़कर अन्य इक्विटी | - | - | - | - | - | 2,954.96 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) | | | | | | |
| | (ए) बेसिक | 8.22 | 14.76 | 1.62 | 22.97 | 3.11 | 7.50 |
| | (बी) डायल्यूटिड | 8.22 | 14.76 | 1.62 | 22.97 | 3.11 | 7.50 |

**नोट्सः**

1. उपरोक्त 30.09.2020 को समाप्त हुए तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम के विस्तृत स्वरूप का एक अर्क है। सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की बीएसई लिमिटेड के तहत विनियमन 33 के तहत दायर की गई। बीएसई की वेबसाइट पर 30.09.2020 को समाप्त हुए तिमाही और छमाही के स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का प्रारूप **www.bseindia.com** पर और कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर भी उपलब्ध है।
2. 30.09.2020 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए उक्त अनंकेक्षित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा **19 सितम्बर, 2020** को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। उपरोक्त परिणामों का ऑडिट कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, सेबी के विनियमन 33 (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) 2015 के संदर्भ में।
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 30 सितम्बर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर इसके डेफर्ड टैक्स (deferred tax) शेष को हटा दिया गया है।
4. **30.09.2020 को समाप्त तिमाही की कुल बिक्री मे रू 757.53 लाख के उत्पाद शामिल हैं जिसकी मांग COVD-19 महामारी के कारण पैदा हुई थी।**
5. स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियमावली 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के अनुसार तैयार किए गए हैं ।(आमतौर पर भारत में लेखा सिद्धांतो को स्वीकार किया गया है)

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
कृते टायटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
डीआईएन -00027448

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 19.10.2020